**मुख्य अभियंता–1 (पटना) का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।**

पत्रांक–मु0अ0– I / प्रा0–05–141 / 2024 पटना, दिनांक–

प्रेषक,

ई0 शत्रुध्न प्रसाद,
मुख्य अभियंता 1 (पटना),
ग्रामीण कार्य विभाग, पटना।

सेवा में,

अधीक्षण अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य अंचल, **नालन्दा।**

विषयः–ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **हिलसा** के अधीन **शीर्ष MMGSY-NDB-(AWSESH)** अन्तर्गत स्वीकृत कुल **09 (नौ)** अदद योजनाओं का पथों निर्माण एवं पॉच वर्षीय रख–रखाव कार्य के प्राक्कलन पर प्रावैधिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।

प्रसंगः–आपका पत्रांक **312** अनु0 दिनांक **12.03.2024**

महाशय

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा प्राप्त कुल **09 (नौ)** अदद पथों के प्राक्कलन का प्रावैधिक स्वीकृति प्रदान कर प्राक्कलन लौटाया जा रहा है। पथ का नाम प्रशासनिक अनुमोदन की राशि एवं प्रावैधिक स्वीकृति की राशि पत्र के परिशिष्ट 'क' में अंकित है।

2. प्रशासनिक अनुमोदन का प्रसंग एवं राशि परिशिष्ट 'क' के स्तम्भ क्रमशः 04 एवं 05 में अंकित है।
3. स्वीकृति प्राक्कलन की जॉच अधीक्षण अभियंता अपनी स्तर से भी कर लेंगे। यदि किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता हो तो मुख्यालय को सूचित करेंगें।
4. स्थल निरीक्षण के आधार पर सुनिश्चित किया जाय की प्रावैधानित पुल /पुलिया स्थल के आवश्यकता के अनुरूप है। स्थल के अनुरूप नहीं होने पर मुख्यालय को सूचित करेंगे।
5. अधीक्षण अभियंता पथों का निरीक्षण प्रतिवेदन एवं कार्यो के संबंध में समीक्षात्मक टिप्पणी मुख्यालय की 5वीं तिथि को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
6. प्राक्कलन की स्वीकृति को दरों की स्वीकृति नहीं समझी जाये।
7. अधीक्षण अभियंता, कार्य अचंल, **नालन्दा** ऐसे मदों के दर जो अनुसूचित दर में नहीं है, दर विश्लेषण कर केन्द्रीय अनुसूचित दर निर्धारण समिति के संयोजक एवं उनके सभी सदस्य को भेजेंगे और समिति की अगली बैठक में उनका अनुमोदन प्राप्त कर लेंगे।
8. प्राक्कलन में स्थल पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित लम्ब काट एवं आड़ी काट के चार्ट के आधार पर हुए मिट्टी की मात्रा की गणना की गयी है। लम्ब काट एवं आड़ी काट की स्थल जॉच आप स्वयं कर सूचित करेंगे कि वह स्थल के अनुरूप है।
9. सामग्रियों की ढुलाई निर्धारित रेल हेड के लोडिंग/अनलोडिंग स्थल तक रेलमार्ग से एवं तत्पश्चात वहाँ के कार्य स्थल तक ट्रक द्वारा तथा क्वैरी से सीधे कार्य स्थल तक सड़क मार्ग द्वारा दर विश्लेषण कर उक्त दोनों स्थिति की कैरेज कोस्ट की तुलनात्मक विवरणी तैयार कर उसमें से न्यूनतम दर का प्राक्कलन करते हुए अधीक्षण अभियंता परिमाण विपत्र अनुमोदित करेंगे।
10. पत्र के साथ प्रावैधिक टिप्पणी की प्रति संलग्न है।

For Anima Construction Pvt. Ltd.

Director

## परिशिष्ट 'क'

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, हिलसा के अधीन शीर्ष *MMGSY-NDB- (AWSESH)* योजनान्तर्गत प्रावैधिक स्वीकृति प्रदत योजनाओं की सूचीः–

| क्र0 सं0 | पथ का नाम | पथ की लम्बाई (कि0मी0 में) | प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग | प्रशासनिक स्वीकृति अनुमोदन की राशि (निर्माण कार्य, नुरक्षण कार्य एवं आकस्मिक कार्य) (लाख में) | तकनीकी स्वीकृति की राशि (निर्माण कार्य एवं अनुरक्षण कार्य) (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Block-Karaiparsurai, Karai Salempur To Salempur Mahadalit Tola | 1.200 | Letter N0-**418** Date-**01.03.2024** | 131.529 | 126.689 |
| 2 | Block-Hilsa, Hilsa Reri Path Me Lokayan Nadi Se Paswan Tola Pendapur | 1.700 | Letter N0-**418** Date-**01.03.2024** | 159.573 | 151.559 |
| 3 | Block-Hilsa, Farashpur Chowk Se Chak Mahaddipur | 0.775 | Letter N0-**418** Date-**01.03.2024** | 76.384 | 72.297 |
| 4 | Block-Hilsa, Jaitipur Road To Nadwar | 1.150 | Letter N0-**418** Date-**01.03.2024** | 132.746 | 130.037 |
| 5 | Block-Hilsa, Kamarthu Pul Se Tufani Bigha Via Murgiyachak | 3.000 | Letter N0-**418** Date-**01.03.2024** | 290.095 | 276.214 |
| 6 | Block-Hilsa, Phulwaria Murligarh Path To Ashok Tola | 1.200 | Letter N0-**418** Date-**01.03.2024** | 138.581 | 152.641 |
| 7 | Block-Karaiparsurai, Link Road Makhdumpur To Makhdumpur Mahadalit Tola | 0.615 | Letter N0-**418** Date-**01.03.2024** | 119.659 | 115.926 |
| 8 | Block-Parbalpur, Rampur Bele Path Ke Lakhma Bigha Baburbna Pawai Road Ke Baithani Par To Lakhma Bigha Ravidas Tola | 1.220 | Letter N0-**418** Date-**01.03.2024** | 166.653 | 132.497 |
| 9 | Block-Hilsa, Indaut Alipur Road To Chakhazari To Dariyapur | 0.800 | Letter N0-**418** Date-**01.03.2024** | 112.392 | 85.167 |

अनु0–स्वीकृत प्राक्कलन की मूल प्रति।

विश्वासभाजन

ह0/–

मुख्य अभियंता–1 (पटना),

ग्रामीण कार्य विभाग, पटना।

Director

ज्ञापांकः– 971                                        पटना, दिनांकः– 15/3/24

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ समर्पित/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, हिलसा को सूचनार्थ एवं प्राक्कलन की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15-03-24

मुख्य अभियंता–1 (पटना),

ग्रामीण कार्य विभाग, पटना।